# जिला दण्डाधिकारी –सह– उपायुक्त का कार्यालय, जामताड़ा
## जिला ई0–गवर्नेंस सोसाईटी

पत्रांक :–......08..../DeGS

प्रेषक,

उपायुक्त,
जामताड़ा

सेवा में,

पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा
वन प्रमंडल पदाधिकारी, जामताड़ा
उप विकास आयुक्त, जामताड़ा
परियोजना निदेशक, आई.टी.डी.ए., जामताड़ा
अपर समाहर्त्ता, जामताड़ा
अनुमंडल पदाधिकारी, जामताड़ा
सिविल सर्जन, जामताड़ा
जिला परिवहन पदाधिकारी, जामताड़ा
उप निर्वाचन पदाधिकारी, जामताड़ा
साईबर पुलिस उपाधीक्षक, जामताड़ा
जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जामताड़ा
जिला सूचना एवं जन–सम्पर्क पदाधिकारी, जामताड़ा
सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जामताड़ा जिला
सभी अंचल अधिकारी, जामताड़ा जिला
समाज कल्याण पदाधिकारी, जामताड़ा
जिला कृषि पदाधिकारी, जामताड़ा
जिला शिक्षा पदाधिकारी, जामताड़ा
जिला शिक्षा अधीक्षक, जामताड़ा
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जामताड़ा
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, जामताड़ा
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, मिहिजाम
जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जामताड़ा
प्रधानाचार्य, जामताड़ा महाविद्यालय, जामताड़ा।
डी.पी.एम., जे.एस.एल.पी.एस.

जामताड़ा, दिनांक– 08/02/2025

विषय :– **Safer Internet Day के अवसर पर दिनांक 11.02.2025 को आहूत Together for a Better Internet – Workshop में भाग लेने के संबंध में।**

प्रसंग :– सरकार के उप सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक 208 दिनांक 07.02.2025 एवं सचिव, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्धसरकारी पत्रांक L-14017/3/2024-HRD दिनांक 04.02.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्रों संदर्भ में कहना है कि भारत में इंटरनेट उपयोगकर्त्ताओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी प्रगति ने ई0 सेवाओं और डिजिटल भुगतान को सक्षम बनाया है। लेकिन साथ ही साईबर खतरों को भी अत्यधिक बढ़ा दिया है। ऐसी परिस्थिति में आम नागरिकों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जागरूक करना अतिआवश्यक हो गया है। विश्व में आम नागरिकों के बीच इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग हेतु जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रत्येक वर्ष फरवरी के दूसरे मंगलवार को Safer Internet Day के रूप में मानाया जाता है। इस अवसर पर **दिनांक 11.02.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से समाहरणालय स्थित प्रशिक्षण भवन (SGSY) में Together for a Better Internet – Workshop** का आयोजन किया गया है, जिसमें जिला, प्रखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर के सभी पदाधिकारियों, कर्मियों, आम नागरिकों एवं विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग एवं साईबर खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इन खतरों से बचाव के तरीकों के बारें में जानकारी उपलब्ध कराया जाना है।

- सभी कार्यालय प्रधान, जामताड़ा जिला अपने अधीनस्थ सभी आई.टी. पदाधिकारियों/कर्मियों तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ इस कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।
- जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जामताड़ा अपने स्तर से 10 पंचायत प्रतिनिधियों के साथ इस कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।
- जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, जामताड़ा सभी प्रिंट मिडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया के प्रतिनिधियों के साथ इस कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।
- जिला कृषि पदाधिकारी, जामताड़ा अपने स्तर से 15 कृषक मित्रों के साथ इस कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।
- जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जामताड़ा 10 बैंक अधिकारी के साथ इस कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।
- साईबर पुलिस उपाधीक्षक, जामताड़ा साईबर अपराध नियंत्रण कार्य में नियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ इस कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।
- प्रधानाचार्य, जामताड़ा कॉलेज, जामताड़ा अपने महाविद्यालय के 10 छात्रों एवं प्रोफेसर के साथ इस कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।
- जिला शिक्षा पदाधिकारी, जामताड़ा अपने स्तर से आई.टी.आई., पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एवं पीएम श्री नवोदय विद्यालय, जामताड़ा के 10–10 छात्रों के साथ इस कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।
- डी.पी.एम. जे.एस.एल.पी.एस., जामताड़ा 40 महिला स्वयं सहायता समुहों (डिजिटल सेवा प्रदाता) एवं सक्रिय सदस्यों के साथ इस कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।
- जिला प्रबंधक, सी.एस.सी. जामताड़ा अपने स्तर से 50 सक्रिय प्रज्ञा केन्द्र संचालकों के साथ इस कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।

अतः अनुरोध है कि अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी उक्त प्रतिभागियों के ससमय कार्यशाला में भाग लेना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

08·02·25

उपायुक्त,
जामताड़ा

ज्ञापांकः–......08....../DeGS दिनांकः–......08/02/2025......

प्रतिलिपिः–
1. सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
2. जिला प्रबंधक, सी.एस.सी., जामताड़ा को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

08·02·25

उपायुक्त,
जामताड़ा